आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–15 मई 2026 **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट–यूजी 2026 परीक्षा दोबारा 21 जून को आयोजित करने की घोषणा की है। यह जानकारी केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन के दौरान दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ओएमआर मोड में आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा अगले वर्ष से कम्प्यूटर आधारित यानी सीबीटी माध्यम से होगी।

परीक्षा में थोड़ा हमको जो उनकी फोर्मलटीज है। ओएमआर सीट को दस्तखत करना, आरंभ में करना, अंत में भी एक बार करना उसमें हमारे विद्यार्थियों के कोर टाइम में कटौती हुई थी। दो से पांच एग्जामिनेशन टाइम था। उसको ध्यान में रखते हुए एनटीए ने तुरंत निस्पत्ति किया है। उसको और 15 मिनट बढ़ाए। दो से शुरू होगा और पांच–पंद्रह तक ये परीक्षा का समय बढ़ाया जाएगा। इस बार का एडमिट कार्ड 14 जून तक सभी को पहुंच जाएगा।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अपनी पसंद का शहर चुनने का अवसर मिलेगा।

****

दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढोतरी कर दी है। एक रिपोर्ट–

दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 97 रुपये 77 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 90 रुपये 67 पैसे प्रति लीटर हो गई है। लखनऊ में पेट्रोल की कीमत 94 रुपये 73 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 87 रुपये 81 पैसे प्रति लीटर, वहीं वाराणसी में पेट्रोल की कीमत 95 रुपये 83 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 89 रुपये 01 पैसे प्रति लीटर हो गई है। प्रयागराज में अब पेट्रोल 95 रुपया 30 पैसे, जबकि डीजल 88 रुपया 30 पैसे प्रति लीटर की दर से मिल रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने तेल कीमतों में वृद्धि पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद जहां कई देशों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 20 प्रतिशत से लगभग सौ प्रतिशत तक वृद्धि की गई है, तब भारत ने पेट्रोल के दाम में केवल तीन दशमलव दो प्रतिशत और डीजल के लिए तीन दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि की है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महराजगंज जिले में दो सौ आठ करोड़ रूपये से अधिक की लागत की उन्यासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक संकट से देश को उबारने के लिये हर नागरिक को अपना योगदान देने के लिये तैयार रहना चाहिए।

ईंधन से जुड़े हुए मामले हों, खाद्यान्न से जुड़े हुए मामले हों, फर्टिलाइजर से जुड़ा हुआ मामला हो, या फिर मैं सभी ज्वैलर्स से, सर्राफा व्यवसायियों से भी अपील करूँगा। प्रधानमंत्री जी ने जो बात कही है कि विदेश से सोना मंगाने की बजाय हमारे घरों में जो सोना है, उसी की मरम्मत कराना, उसी को रिपेयर करवाना, उसी को री–मॉडलिंग करवाना, उसी पर हमें अपना ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। हम सब अगर उस दिशा में कार्य करेंगे, अपना पैसा बचाना है, देश का पैसा बचाना है और देश का पैसा बचा करके इस संकट की, इस वैश्विक संकट से हम अपने देश को उभारने का काम करेंगे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे। वह कल गोरखपुर में प्रदेश के चौथे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट–

गोरखपुर–वाराणसी राजमार्ग स्थित ताल नदोर में बनने वाला यह इंटरनेशनल स्टेडियम तीन सौ बानवे दषमलव नौ चार करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में तिरसठ दशमलव तीन नौ करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं। स्टेडियम बनाने के लिए एलाइनमेंट, मिट्टी भराई, लेवलिंग और बड़े निर्माण उपकरणों को लगाने का काम शुरू भी हो चुका है। लगभग 50 एकड़ में बनने वाले इस स्टेडियम में तीस हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। आकाशवाणी समाचार के लिये गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।

मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में हिस्सा लिया। साथ ही वहां की 495 करोड़ से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

****

कौशाम्बी जिले के करारी थाना क्षेत्र में महराजगंज गांव के पास कल देर रात एक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर तौर पर घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब एक ही गांव के रहने वाले पांच युवक बाइक पर सवार होकर एक विवाह समारोह में जा रहे थे और उनकी बाइक की सामने से आ रही ट्रैक्टर–ट्रॉली से भीषण टक्कर हो गयी।

****

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में अबसे थोड़ी देर बाद शाम साढ़े सात बजे से आईपीएल 2026 के अन्तर्गत क्रिकेट मैच खेला जाएगा। इसमें लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से होगा।

****